ऑरेंज इकोनॉमी

[स्रोत: TH](#)

प्रधानमंत्री ने ***WAVES 2025* (वर्ल्ड ऑडियो-विज़ुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट)** में भारत की वैश्विक **रचनात्मक अर्थव्यवस्था में बढ़ती भूमिका को रेखांकित किया**, जहाँ उन्होंने ***"?????? ????????"*** की संकल्पना पर बल दिया—जो **रचनात्मकता, संस्कृति तथा बौद्धिक** संपदा पर आधारित होती है।

- **ऑरेंज इकोनॉमी:** रचनात्मक अर्थव्यवस्था (जिसे ऑरेंज इकोनॉमी भी कहा जाता है) ऐसे ज्ञान-आधारित क्रियाकलापों को दर्शाती है, जो **संस्कृति, रचनात्मकता, प्रौद्योगिकी एवं बौद्धिक संपदा को एकीकृत करते हुए आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास** को गति प्रदान करते हैं। सतत् विकास लक्ष्यों को को प्राप्त करने में इसकी भूमिका है।
    - ***अर्न्स्ट एंड यंग के अनुसार, भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था 18% चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ने का अनुमान है, जो वर्ष 2023 में 19 बिलियन रुपए से बढ़कर वर्ष 2026 तक 34 बिलियन रुपए हो जाएगी।***
- **वेव्स 2025:** यह पहली वर्ल्ड ऑडियो-विज़ुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट है, जो मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित की गई और इसकी मेज़बानी भारत सरकार द्वारा की गई है।
    - इसका उद्देश्य भारत को मीडिया एवं मनोरंजन, बौद्धिक संपदा तथा तकनीकी नवाचार के लिये एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है।
    - इस शिखर सम्मेलन में भारत की सामग्री निर्माण क्षमता तथा प्रौद्योगिकी नवाचार की शक्ति को उजागर किया गया, जो **प्रसारण, फिल्म, एनीमेशन, गेमिंग, डिजिटल मीडिया**, [कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)](#) आदि जैसे क्षेत्रों में परिलक्षित होती है।
    - वेव्स 2025 में **वेव्स मार्केट की सुविधा दी गई है,** जो एक वैश्विक डिजिटल बाज़ार है तथा क्रिएटर्स को खरीदारों और निवेशकों जुड़ने का अवसर प्रदान करता है।



और पढ़ें: [WAVES 2025 और क्रिएटिव इकोनॉमी]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/orange-economy